an>

Title: Need to set up food processing industries in Farrukhabad parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

**श्री मुकेश राजपूत (फरूखाबाद)**ः हमारे संसदीय क्षेत्र फरूखाबाद का आलू एवं लहसुन के उत्पादन में भारतवर्ष में एक विशेष स्थान है। यातायात के सभी साधनों से युक्त है। फर्रुखाबाद गंगा, रामगंगा और काली नदी के पावन जल से चारों तरफ से घिरा हुआ है। यहां के अन्नदाता एक वर्ष में चार-चार महत्पूर्ण फसलें पैदा करते हैं, जैसे आलू, लहसुन, मक्का, मूंगफली, गेहूं और चावल का भरपूर उत्पादन करते हैं। बागवानी में भी पीछे नहीं हैं हमारे क्षेत्र में आम, अमरूद, करौंदा आदि का भी उत्पादन भरपूर होता है। मगर फिर भी हमारे यहां के अन्नदाता को अपनी फसलों का वाजिब दाम नहीं मिल पाता है। सदैव कर्ज के बोझ से दबा रहता है। फसलों के दामों में बहुत बड़ा उतार-चढ़ाव होता रहता है, जिससे कि लागत निकलना भी मुश्किल होता है। हमारे जनपद में यू.पी.एस.आईडी.सी. की काफी जमीन भी पड़ी हुई है। मैन पॉवर की भी कमी नहीं है। प्राकृतिक संसाधन भी परिपूर्ण हैं और हर तरह से उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण भी है। मेरा सरकार से आग्रह है कि हमारे क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण की कोई भी यूनिट लगवाने की कृपा करें, जैसे आलू पावडर, गार्लिक पावडर का कारखाना या फिर अन्य कोई जिससे कि हमारे क्षेत्र के नौजवानों, किसानों, व्यापारियों के जीवन स्तर में बदलाव आ सके। यदि हो सके तो मेगा फूड पार्क की भी स्थापना हो सकती है। अतः हमारे क्षेत्र के चहुंमुखी विकास एवं मेक इन इंडिया को सार्थकता प्रदान करने के लिए मेरे इस कृषि प्रधान पिछड़े क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योग लगवाने की कृपा करें।